**ए-12011/08/2019-प्रशा0-Iए**

**भारत सरकार**

**वित्त मंत्रालय**

**आर्थिक कार्य विभाग**

नई दिल्ली, दिनांकः 19 नवम्बर, 2020

परिपत्र

**विषयः वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग में 7वें वेतन आयोग पे मेट्रिक्स के लेवल-8 (47600-151100 रुपए) में अनुभाग अधिकारी (बाह्य) के दो (02) पदों को भरना।**

अधोहस्ताक्षरी को आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय में 7वें वेतन आयोग के पे मेट्रिक्स के लेवल-8 (47600-151100 रुपए) में अनुभाग अधिकारी (बाह्य) के दो (02) पदों को भरने हेतु प्रस्ताव करने का निदेश हुआ है। एक पद सम्मिश्र पद्धति (प्रतिनियुक्ति सह पदोन्नति) आधार पर भरा जाना है और दूसरा प्रतिनियुक्ति/आमेलन आधार पर भरा जाना है। अनुभाग अधिकारी (बाह्य) के पद पर भर्ती हेतु पात्रता संबंधी शर्तों का विवरण **अनुलग्नक-I** में दिया गया है।

2. अनुरोध है कि ऐसे पात्र तथा इच्छुक अधिकारियों, जिन्हें चयन हो जाने पर कार्यमुक्त किया जा सके, के आवेदन पत्र (दो प्रतियों में) **अनुलग्नक-II** में दिए गए निर्धारित प्रोफार्मा में, निम्नलिखित दस्तावेजों सहित, रोजगार समाचार पत्रों में प्रकाशन की तारीख से **60 दिनों के भीतर** इस विभाग को अग्रेषित कर दिए जाएं:

(i) पिछले पाँच वर्षों की गोपनीय रिपोर्टों सहित गोपनीय रिपोर्ट डोजियर। यदि गोपनीय रिपोर्ट डोजियर की फोटोकापी भेजी जाए तो उन्हें कम से कम अवर सचिव, भारत सरकार के स्तर के अधिकारी से विधिवत सत्यापित करवा कर भेजा जाए। (प्रत्येक पृष्ठ पर सत्यापन)

(ii) सतर्कता/अनुशासनिक अनापत्ति।

(iii) सत्यनिष्ठा प्रमाण-पत्र।

(iv) पिछले दस वर्षों के दौरान लगाए गए बड़ा/छोटा दंड दर्शाने वाला विवरण। सूचना "शून्य" होने पर भी विवरण अपेक्षित है।

(v) संवर्ग अनापत्ति।

3. अपूर्ण, उचित माध्यम से न भेजे गए तथा उपर्युक्त दस्तावेजों से रहित तथा निश्चित तारीख के बाद प्राप्त होने वाले आवेदन-पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, अभ्यार्थी को एक बार आवेदन करने के पश्चात् बाद में अपना आवेदन वापिस लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

संजीव

**(संजीव गुप्ता)**
**अवर सचिव, भारत सरकार**

**प्रतिलिपिः**

1. भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग।
2. वित्तीय सेवाएं विभाग सहित वित्त मंत्रालय के सभी विभाग।
3. संगठित लेखा संवर्ग के निम्नलिखित कार्यालयों के सभी प्रमुख।
   (i) सीजीडीए का कार्यालय, रक्षा मंत्रालय, जी ब्लाक, डीएचक्यू, पी.ओ., नई दिल्ली-1
   (ii) उप महानिदेशक (पीएएफ), डाक विभाग, कमरा सं. 405, डाक भवन, नई दिल्ली।
   (iii) उप महानिदेशक (लेखा), दूर-संचार विभाग।
   (iv) लेखा महानियंत्रक, लोकनायक भवन, नई दिल्ली-3, और
   (v) वित्त आयुक्त, रेल मंत्रालय, नई दिल्ली।
4. सहायक संपादक (विज्ञापन), रोजगार समाचार पत्र, प्रकाशन प्रभाग, सूचना और प्रसारण मंत्रालय, 7वां तल, सूचना भवन, सीजीओ कॉम्पलेक्स, लोदी रोड, नई दिल्ली को इस अनुरोध के साथ कि रोजगार समाचार के आगामी अंक में उपर्युक्त रिक्ति परिपत्र को प्रकाशित कर दें। इस संबंधित बिल श्री संजीव गुप्ता, अवर सचिव, कमरा सं. 241-ई, नार्थ ब्लाक, नई दिल्ली-110001 को अग्रेषित किया जाए।
5. वित्त पुस्तकालय।
6. वरिष्ठ तकनीकी निदेशक (एनआईसी)। अनुरोध है कि वे इस रिक्ति संबंधी परिपत्र को आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय की वेबसाइट पर अपलोड करें।
7. एनआईसी, डीओपीटी को इस अनुरोध के साथ कि इस रिक्ति परिपत्र को डीओपीटी की वेबसाइट पर अपलोड करें।

**अनुलग्नक-I**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | पदनाम | अनुभाग अधिकारी (बाह्य) |
| 2. | रिक्त पदों की संख्या | दो (02) |
| 3. | वर्गीकरण | सामान्य केन्द्रीय सेवा, श्रेणी 'ख' , राजपत्रित, अनुसचिवीय |
| 4. | मंत्रालय/विभाग | वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग |
| 5. | पे मेट्रिक्स में लेवल | 7वां वेतन आयोग पे मेट्रिक्स का लेवल-8 (47600-151100 रुपए) |
| 6. | नियुक्ति की पद्धति | (i) एक पद प्रतिनियुक्ति/आमेलन आधार पर<br>(ii) एक पद सम्मिश्र पद्धति (प्रतिनियुक्ति सह पदोन्नति) आधार पर |
| 7. | पात्रता शर्तें | प्रतिनियुक्ति/आमेलन (सम्मिश्र पद्धति सहित) |

केन्द्र सरकार के अधीन अधिकारीः

(क)(i) जो मूल संवर्ग अथवा विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद पर हों; अथवा

(ii) जो पे मेट्रिक्स के लेवल-7 {₹44900-142400/-} अथवा समतुल्य में मूल संवर्ग अथवा विभाग में नियुक्ति के बाद नियमित आधार पर दिए गए ग्रेड में दो वर्ष की सेवा कर चुके हों;

और

ख) जो निम्न अर्हताएं रखते हों:-

अनिवार्यः-

(i) सचिवालय प्रशिक्षण और प्रबंधन संस्थान में रोकड़ और लेखा कार्य में सफलतापूर्वक प्रशिक्षण कार्य पूरा किया हो;

(ii) रोकड़, लेखा एवं बजट कार्य में न्यूनतम तीन वर्षों का अनुभव हो।

वांछनीय अर्हताएं:-

किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से कंप्यूटर अप्लीकेशन के क्षेत्र में एक वर्षीय प्रमाणपत्र अथवा डिप्लोमा पाठ्यक्रम अथवा कोई उच्चत्तर अर्हता।

**टिप्पण 1-** पे मेट्रिक्स के लेवल-7 {₹44900-142400/-} में विभागीय सहायक अधीक्षक, जिनके पास इस ग्रेड में दो वर्षों की नियमित सेवा है और प्रतिनियुक्ति हेतु निर्धारित अपेक्षित शैक्षिक अर्हताएं और अनुभव हैं, को भी बाहर के आवेदकों के साथ विचार किया जाएगा तथा इस पद के लिए उनका चयन होने की स्थिति में, इस पद को पदोन्नति द्वारा भरा गया माना जाएगा।

**टिप्पण 2 -**प्रतिनियुक्ति की अवधि केंद्र सरकार के इसी या किसी अन्य संगठन में इस नियुक्ति के तुरंत पहले धारित किसी अन्य संवर्ग बाहय पद में प्रतिनियुक्ति अवधि सहित तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी। प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन पत्र प्राप्त की अंतिम तिथि को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

**अनुलग्नक-II**

**प्रोफार्मा**

1. आवेदित पद का नाम
2. नाम और पता (स्पष्ट अक्षरों में)
3. जन्म तिथि
4. केन्द्र सरकार के नियमों के अधीन सेवा-निवृत्ति की तारीख
5. शैक्षिक अर्हताएं
6. क्या आप इस पद के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य अर्हताएं पूरी करते हैं (यदि कोई अर्हता नियमों में निर्धारित अर्हता के समकक्ष मानी गई है तो उसके लिए प्राधिकार का उल्लेख करें)

| अपेक्षित अर्हताएं/अनुभव | प्राप्त अर्हताएं/अनुभव |
|---|---|

7. कृपया स्पष्ट रूप से उल्लेख करें कि आपके द्वारा दी गई उपर्युक्त प्रविष्टियों के आधार पर क्या आप इस पद की अपेक्षाएं पूरी करते हैं?
8. रोजगार का काल क्रमानुसार विवरण (यदि नीचे दिया गया स्थान अपर्याप्त हो तो अपने हस्ताक्षर से यथा प्रमाणित पृथक पन्ना संलग्न करें)

| मंत्रालय/विभाग | धारित पद | से | तक | पे मेट्रिक्स में लेवल | कार्य का स्वरूप |
|---|---|---|---|---|---|

----------------------------------------------------------------------------------------------------

9. वर्तमान नियोजन का स्वरूप, जैसे तदर्थ अथवा अस्थायी अथवा अर्द्धस्थायी अथवा स्थायी
10. यदि वर्तमान नियोजन प्रतिनियुक्ति/संविदा आधार पर है तो कृपया उल्लेख करें;
    (क) प्रारंभिक नियुक्ति की तारीख
    (ख) प्रतिनियुक्ति/संविदा पर नियुक्ति की अवधि
    (ग) मूल कार्यालय/संगठन का नाम जिससे आप संबंधित हो
11. वर्तमान रोजगार के संबंध में अन्य ब्यौराः कृपया उल्लेख करें कि आप किसके अधीन कार्यरत हैं
    (क) केन्द्र सरकार
    (ख) राज्य सरकार
    (ग) स्वायत्त संगठन
    (घ) विश्वविद्यालय
    (ङ) अन्य
12. क्या आप संशोधित वेतनमान में हैं? यदि हां, तो संशोधन की तारीख बताएं और संशोधन-पूर्व वेतनमान भी दर्शाएं
13. वर्तमान में प्रतिमाह आहरित कुल परिलब्धियां
14. क्या आप अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति से संबद्ध हैं
15. अन्य सूचना, यदि कोई हो
16. अभ्युक्तियां, यदि कोई हो

दिनांकः
स्थानः

**आवेदक के हस्ताक्षर**

**पता....................................................**

**....................................................**

आवेदक द्वारा दिए गए सेवा विवरणों का सत्यापन सेवा अभिलेखों से कर लिया गया है और उन्हें सही पाया गया है।

**सक्षम प्राधिकारी के मोहर सहित हस्ताक्षर**